सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति कर प्रधान कार्यालय को सूचित करें, प्रधान कार्यालय से सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

साथियों, आप सब बहुत अनुभवी व समर्पित पदाधिकारी हैं। उक्त निर्देशों को जारी करने का उददेश्य आपकी शंकाओं को दूर करना है। यदि किसी साथी को कोई आशंका या परेशानी होती है तो वे अपने खण्डमंत्री अथवा प्रान्तीय पदाधिकारियों से सीधे मोबाइल या वाटसअप पर अपनी शंका समाधान कर सकते हैं। यह आन्दोलन संवर्ग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। संवर्ग **"अभी नही तो कभी नहीं"** की स्थिति में है, इसलिए यदि आन्दोलन की स्थिति आती है तो आन्दोलन की सफलता में तहसील इकाईयों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसलिए सभी तहसील अध्यक्ष/सचिव अभी से अपनी सक्रियता बढाते हुए तहसील में बैठकें कर साथियों को जागरूक करें तथा जनपद व प्रान्त से प्राप्त होने वाले निर्देशों व सूचनाओं को शीघ्र आम साथियों में पहुँचाने की तथा जनपद व प्रान्त से चाही गयी सूचनाओं को तत्काल उपलब्ध कराने की व्यवस्था बना लें। मोबाइल व व्हाटसअप के माध्यम से जुडें। प्रान्त से प्राप्त प्रत्येक पत्र का आम सभा में वाचन अनिवार्य रूप से करें।

साथियों, प्रान्तीय कार्यसमिति द्वारा अपना 6 सूत्रीय मॉगपत्र पूरा करने के लिए मा0 मुख्य सचिव महोदय को आन्दोलन का नोटिस 05 जुलाई 2016 को प्रेषित कर दिया है। हम आशान्वित हैं कि वार्ताओं व पत्राचार के माध्यम से अपनी मॉगों का सकारात्मक निस्तारण करा लेंगे परन्तु आन्दोलन की स्थिति आती तो हमें पूर्ण विश्वास है कि अपनी न्यायपूर्ण मॉगों की पूर्ति के लिए आप सभी के सहयोग से संस्था एक ऐतिहासिक आन्दोलन कर अपनी समस्त मॉगों को पूर्ण कराने में सफल रहेगी।

शुभ आशाओं व पूर्ण विश्वास सहित। जय संघ जय भारत।।

भवदीय

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)
प्रदेश महामंत्री